**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान देश के 51 केन्द्रों में आयोजित इस सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअली उद्‌घाटन करेंगे। फाइनल में विद्यार्थियों की एक हजार तीन सौ से अधिक टीमें भाग लेंगी। स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन दैनिक जीवन में आने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान का मंच उपलब्ध कराने की राष्ट्रव्यापी पहल है। इसके माध्यम से चुनौतियों के नवाचारी समाधान की क्षमता विकसित होती है।

**समारोह**

प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर आज बिलासपुर के लुहणू मैदान में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार इस मौके पर छह नई योजनाओं की शुरूआत करने जा रही है, जिससे प्रदेश के लोग लाभांवित होंगे और उनके जीवन में समृद्वि व खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है और सरकार ने मात्र 15 महीने में 5 गांरटियों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस समारोह का आयोजन 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल' थीम पर किया जा रहा है।

**भाजपा विधायक दल**

भाजपा विधायक दल की बैठक कल देर शाम शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि बैठक में हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें कांग्रेस के दो वर्ष के कार्यकाल पर भी चर्चा की गयी है। प्रदेश सरकार के दो वर्ष की नाकामियों को लेकर आज राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की गई और निर्णय लिया गया है कि धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन 18 दिसंबर को विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

**अनिरुद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि आपदा और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने 2 साल में जनहित में कई अहम फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग में भी पिछले दो वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की गई है जिसके तहत प्रदेश में 150 नए पंचायत घरों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। मनरेगा दिहाड़ी में पहली बार 60 रूपये की ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार स्वच्छता अभियान के तहत भी अब तक 9 हजार 355 गांव को खुले में शौच मुक्त घोषित किया जा चुका है।

**मौसम**

शिमला के ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में आज से इस सीजन के लिए सेशन आरंभ हो गए हैं। रिंक में आज सुबह पहला सेशन आयोजित किया गया। शिमला के 104 वर्ष पुराने इस प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंग में तीन दिन पहले स्केटिंग का सफल ट्रायल किया गया था लेकिन बर्फबारी के कारण स्केटिंग सेशन आरंभ नहीं हो पाए थे। आइस स्केटिंग क्लब के पदाधिकारी रजत मल्होत्रा ने बताया कि अनुकूल तापमान बनने के कारण बर्फ की अच्छी परत जम पाई है जिससे इस वर्ष यहां स्केटिंग के बेहतर सेशन चलने की उम्मीदे बढ़ गई है। इस बीच समूचे प्रदेश में शीतलहर जारी है और बीते दो दिनों में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों तक प्रदेश में मौसम आमतौर पर सामान्य बना रहेगा, हालांकि इस दौरान तापमान में कमी, कोहरा छाने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाला पड़ने की संभावनाएं बनी है।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से ………</u>**

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल पूरा होने पर होने वाले समारोह और मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–**नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में आज सुक्खू सरकार का जश्न–छह नई योजनाओं की होगी शुरूआत।** अमर उजाला ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–**दो साल में बदली 40 साल पुरानी व्यवस्था, अब आम और खास का अंतर खत्म करेंगे।** वहीं दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**कड़े फैसले लेते रहेंगे, गारंटियां भी पूरी करेंगे।** दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है–**सूबे में ग्रीन कॉरिडोर में स्थापित होंगे 41 ईवी चार्जिंग स्टेशन, बनेंगी सुपर मार्किट।**

**विधानसभा में 28 साल बाद याचिका समिति का गठन** शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–**कहीं सुनवाई नहीं हो रही तो विधानसभा याचिका समिति को दें शिकायत।**

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**14 शहरों में रात का पारा माइनस में, शिमला में एक डिग्री पहुंचा।**